**अध्याय : 11**

# समय

## सीता और रमेश





सीता रोज सुबह सूरज उगने से पहले जाग जाती है। वह समय पर स्कूल जाती है। एक महीना पहले ही स्कूल में उसका नाम लिखाया गया है। उसका भाई रमेश भी उसके साथ स्कूल जाता है। घर से स्कूल जाने में उनको कुछ ही मिनट लगते हैं। दो दिनों से उसका भाई बीमार है। इसलिए सीता दो दिनों से अकेले ही स्कूल जा रही है।





स्कूल से लौटने के बाद सीता रमेश के साथ खेलती है। एक सप्ताह पहले से ही सीता के पिताजी ने उसके लिए गेंद खरीदी थी। रात में दोनों एक घंटा पढ़ते हैं। फिर वे रात का खाना खाकर सोने चले जाते हैं।



बताइए सीता कब जागती है?

_______________________________________________

क्या सीता देर से स्कूल जाती है?

_______________________________________________

सीता का नाम कब लिखाया गया?

_______________________________________________

सीता कितने दिनों से अकेले स्कूल जा रही है?

________________________________________________

पिताजी ने कितने सप्ताह पहले गेंद खरीदी है?

________________________________________________

सीता और रमेश रात में कितने घंटे पढ़ते हैं?

________________________________________________

आपको अपने स्कूल जाने में कितना समय लगता है?

________________________________________________

आपको नहाने में कम समय लगता है या स्कूल जाने में?

________________________________________________

आपका भाई या आपकी बहन आपसे कितने साल बड़ी/छोटी है?

________________________________________________

**अपनी कक्षा के बच्चों की जन्मवर्ष पता करके उनकी उम्र लिखिए और बताइए कौन आपसे कितने साल बड़ा या छोटा है–**

| लड़का/लड़की का नाम | जन्म वर्ष | उम्र (वर्ष में) | आपसे कितने वर्ष बड़ा/छोटा |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

कितने साथी आपकी उम्र के बराबर हैं?

________________________________________________

**कैलेन्डर देखिए और बताइए–**

## कैलेण्डर 2011

**जनवरी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| रवि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| सोम | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| मंगल | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| बुध | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| गुरु | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| शुक्र | 7 | 14 | 21 | 28 | |

**फरवरी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| रवि | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| सोम | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगल | 1 | 8 | 15 | 22 | |
| बुध | 2 | 9 | 16 | 23 | |
| गुरु | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| शुक्र | 4 | 11 | 18 | 25 | |

**मार्च**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| रवि | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| सोम | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगल | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बुध | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| गुरु | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| शुक्र | 4 | 11 | 18 | 25 | |

**अप्रैल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| रवि | | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| सोम | | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| मंगल | | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| बुध | | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| गुरु | | 7 | 14 | 21 | 28 | |
| शुक्र | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 | |

**मई**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| रवि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| सोम | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| मंगल | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| बुध | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| गुरु | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शुक्र | 6 | 13 | 20 | 27 | |

**जून**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| रवि | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| सोम | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| मंगल | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बुध | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| गुरु | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शुक्र | 3 | 10 | 17 | 24 | |

**जुलाई**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| रवि | | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| सोम | | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| मंगल | | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| बुध | | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| गुरु | | 7 | 14 | 21 | 28 | |
| शुक्र | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 | |

**अगस्त**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| रवि | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| सोम | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| मंगल | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बुध | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| गुरु | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शुक्र | 5 | 12 | 19 | 26 | |

**सितम्बर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 3 | 10 | 17 | 24 |
| रवि | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| सोम | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| मंगल | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बुध | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| गुरु | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शुक्र | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |

**अक्टूबर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| रवि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| सोम | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| मंगल | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| बुध | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| गुरु | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| शुक्र | 7 | 14 | 21 | 28 | |

**नवम्बर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| रवि | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| सोम | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगल | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बुध | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| गुरु | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| शुक्र | 4 | 11 | 18 | 25 | |

**दिसम्बर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | | 3 | 10 | 17 | 24 31 |
| रवि | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| सोम | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| मंगल | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बुध | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| गुरु | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शुक्र | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |

1. कैलेन्डर में कितने महीने हैं, उसके नाम लिखिए।

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

2. किन-किन महीनों में 31 दिन हैं, नाम लिखिए।

__________ __________ __________ __________

3. सबसे कम दिनों वाला महीना कौन-सा है?

____________________________________________

**4. कैलेण्डर में निम्न पर घेरा लगाओ–**

*(i)* स्कूल का पहला दिन *(ii)* 26 जनवरी

*(iii)* 5 सितम्बर *(iv)* 25 सितम्बर

5. किस महीने में आपको अधिक छुट्टियाँ होती है? ––––––––––––––––––––––

6. किन महीनों में आपकी परीक्षाएं होती हैं?

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

7. आप विद्यालय में प्रवेश किस महीने में लेते हैं?

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

**8. निम्न तालिका को पूरा करिए–**

| वर्ष के महीने की क्रम संख्या | महीने का नाम | दिनों की संख्या |
|---|---|---|
| दूसरा महीना | फरवरी | .............................. |
| छठा महीना | ............................................ | 30 |
| तीसरा महीना | ............................................ | 31 |
| नवां महीना | सितम्बर | .............................. |
| ग्यारहवां महीना | ............................................ | .............................. |

**9. नीचे दी गई तारिखों का वार पता करके लिखिए–**

*(i)* 15 अगस्त

*(ii)* 30 मार्च

*(iii)* 2 अक्टूबर

*(iv)* 14 नवम्बर

10. 2011 के दो साल बाद कौन-सा साल होगा ? ––––––––––––––––––––––

## अक्टूबर 2011 का कैलेन्डर

अक्टूबर, 2011

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शनि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| रवि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| सोम | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| मंगल | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| बुध | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| गुरु | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| शुक्र | 7 | 14 | 21 | 28 | |

इस महीने में कितने दिन हैं? ————————————

महीने के पहले दिन कौन-सा वार है? ————————

रविवार किस-किस तारीख पर है? ——————————

————————————————————————

क्या इस महीने में कोई त्यौहार भी आता है? ————

————————————————————————

अक्टूबर माह के निम्न दिनों की तारीख लिखिए।


1. पहला शुक्रवार ————————
2. अन्तिम मंगलवार ————————
3. तीसरा गुरुवार ————————
4. दूसरा बुधवार ————————


आपका या आपके किसी दोस्त या परिवार के सदस्य का इस महीने में जन्मदिन आता है किस तारीख को? ————————————————————————

30/10/2011 के बाद कौन-सी तारीख है? ————————————————

महीने का अन्तिम दिन कौन सा वार है? ————————————————

## मुट्ठी का कमाल






ऊपर की तरह पहले बाएं हाथ की मुट्ठी बनाइए। अब एक किनारे से गिनना शुरू कीजिए। शुरूआत उभरी हड्डी से शुरू कीजिए। फिर उसके पास वाले गड्ढे पर जाइए। बाकी के महीनों के लिए दूसरे हाथ की मुट्ठी बनाइए और गिनिए।

**उभरी हड्डियों पर के महीने 31 दिन और गड्ढे वाले महीने 30 दिन के होते हैं। परन्तु फरवरी का महीना 28 दिन और हर चार साल पर 29 दिन का होता है।**

## घड़ी देखिए समय बताइए–




अन्या, क्या तुम्हें घड़ी देखना आती है? देखो 8 बजे हैं।




देखो! घड़ी में दो सुइयाँ दिख रही हैं। एक बड़ी और एक छोटी। छोटी सुई को घंटे वाली सुई कहते हैं जबकि बड़ी वाली को मिनट वाली सुई कहते हैं। जब मिनट वाली सुई एक जगह या एक संख्या से चक्कर काटती हुई फिर उसी जगह पहुँचती है तो एक घंटा लगता है। जबकि छोटी सुई को एक संख्या से ठीक आगे वाली संख्या पहुँचने पर एक घंटा लगता है।



कैसे जाना?




यहाँ बड़ी सुई 12 पर एवं छोटी सुई 6 पर है। इसमें छः बजे हैं।





अमु भैया, इसमें बड़ी सुई 6 पर एवं छोटी सुई 8 और 9 के बीच में है। तो इस समय कितना बजा है? 8 या 9?



बड़ी सुई को एक संख्या से अगली संख्या तक जाने में 5 मिनट का समय लगता है और वह पूरा चक्कर लगाने में 12 $\times$ 5 = 60 मिनट का समय लगाती है। इसलिए अभी 8 बजकर 30 मिनट हुए हैं।




**अपने दोस्तों के साथ मिलकर गत्ते या कार्ड पेपर को काटकर एक घड़ी बनाइए। उसमें कमाची की घंटे और मिनट की सुइयाँ इस तरह सेट कीजिए कि इनको घुमाया जा सके।**

**अब बताइए–**

*(i)* घंटे वाली सुई है ................ पर

मिनट वाली सुई है ............... पर


इसमें .................................... बजा है।




*(ii)* घंटे वाली सुई है ................ पर

मिनट वाली सुई है ............... पर


इसमें .................................... बजा है।




*(iii)* घंटे वाली सुई है ................ पर

मिनट वाली सुई है ............... पर


इसमें ............................................ बजा है।




*(iv)* घंटे वाली सुई है ................ पर

मिनट वाली सुई है ............... पर


इसमें ................................ बजा है।




*(v)* घंटे वाली सुई है ................ से आगे

मिनट वाली सुई है ............... पर


इसमें ................................................ बजा है।




*(vi)* घंटे वाली सुई है ................ से आगे


मिनट वाली सुई है ................ पर


इसमें ........................................................ बजा है।






**घड़ी देखकर समय बताइए–**
























## बॉक्स में लिखे समय के अनुसार घड़ियों में सुइयाँ दिखाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
| पाँच बचे | 6 बजे | तीन बजकर तीस मिनट | ग्यारह बजे |
|  |  |  |  |
| 1 बजकर 30 मिनट | 4 बजकर 30 मिनट | दस बजे | दो बजे |


## सबीना का एक दिन–

देखिए, सबीना का एक दिन कैसे बीतता है। चित्रों को देखिए और बगल में दी गई घड़ी को देखकर बॉक्स में समय लिखिए।






6 बजे सुबह






























आप दिन भर सुबह से शाम तक जो जो करते हैं, बताइए। समय शब्दों में लिखिए।

घड़ी में दिखाइए– इस समय आप क्या करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 7 बजे सुबह |  | स्कूल जाते हैं। |
| |  | |

| | | |
|---|---|---|
| |  | |
| |  | |
| |  | |
| |  | |
| |  | |
| |  | |